# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड

# RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD

## ग्रेड 'बी' (सामान्य) में अधिकारियों की सीधी भर्ती – पैनल वर्ष – 2025

## ऑनलाइन परीक्षा के लिए सूचना पुस्तिका

**चरण-।।**

**1. चरण-।। की परीक्षा योजना:**

इस परीक्षा में निम्नलिखित तीन प्रश्नपत्र (दो पालियों में आयोजित) होंगे :

| पाली | प्रश्नपत्र | प्रश्नपत्र का नाम | प्रश्नपत्र का प्रकार | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि (मिनटों में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **पूर्वाह्न** | प्रश्नपत्र-III | सामान्य वित्त और प्रबंधन | **वस्तुनिष्ठ** | 30 प्रश्न | 50 | 30 |
| | | | **वर्णनात्मक**<br>उत्तर की-बोर्ड की सहायता से टाइप करने होंगे।* | 6 प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से उम्मीदवारों को किन्हीं 4 प्रश्नों [2 प्रश्न, प्रति प्रश्न 15 अंकों के (कठिनाई स्तर के साथ) और 02 प्रश्न, प्रति प्रश्न 10 अंकों के] के उत्तर देने होंगे। | 50 | 90 |
| | **कुल** | | | | **100** | **120** |
| **अपराह्न** | प्रश्नपत्र-। | आर्थिक और सामाजिक मुद्दे | **वस्तुनिष्ठ** | 30 प्रश्न | 50 | 30 |
| | | | **वर्णनात्मक**<br>उत्तर की-बोर्ड की सहायता से टाइप करने होंगे* | 6 प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से उम्मीदवारों को किन्हीं 4 प्रश्नों [2 प्रश्न, प्रति प्रश्न 15 अंकों के (कठिनाई स्तर के साथ) और 02 प्रश्न, प्रति प्रश्न 10 अंकों के] के उत्तर देने होंगे। | 50 | 90 |
| | **कुल** | | | | **100** | **120** |
| | प्रश्नपत्र-II | अंग्रेजी (लेखन कौशल) | **वर्णनात्मक**<br>उत्तर की-बोर्ड की सहायता से टाइप करना होगा। | 3 प्रश्न | 100 | 90 |
| | **कुल जोड़** | | | | **300** | **330** |

*हिंदी में उत्तर टाइप करने का विकल्प चुनने वाले उम्मीदवार (i) Inscript अथवा (ii) Remington (GAIL) की-बोर्ड लेआउट की सहायता से उत्तर टाइप कर सकते हैं।

**टिप्पणी:**

क) प्रश्नपत्र -III (सामान्य वित्त और प्रबंधन) की परीक्षा पूर्वाह्न पाली में आयोजित की जाएगी। प्रश्नपत्र -I (आर्थिक और सामाजिक मुद्दे) और प्रश्नपत्र -II: अंग्रेजी (लेखन कौशल) की परीक्षा अपराह्न पाली में प्रश्नपत्र -I और प्रश्नपत्र-II के बीच बिना किसी अंतराल के आयोजित की जाएगी।

ख) प्रश्नपत्र - I तथा प्रश्नपत्र -III के वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों को हल करने के लिए 30 मिनट की अवधि आबंटित की गई है। 30 मिनट के बाद अपने आप वर्णनात्मक प्रकार का प्रश्नपत्र शुरू हो जाएगा जिसके लिए 90 मिनट की अवधि आबंटित की गई है। वस्तुनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रकार के प्रश्नपत्रों के बीच आप शफल नहीं कर सकेंगे।

ग) प्रश्नपत्र -I और प्रश्नपत्र -III वर्णनात्मक प्रकार के प्रश्नपत्र हेतु, 15 अंकों के प्रश्नों के लिए शब्द सीमा 600 शब्द और 10 अंकों के प्रश्नों के लिए 400 शब्द होगी।

चरण-II ऑनलाइन परीक्षा केवल उन्हीं उम्मीदवारों के लिए आयोजित की जाएगी जिन्हें चरण-I परीक्षा के परिणामों के आधार पर सूचीबद्ध किया गया है। यह परीक्षा दो पालियों में होगी। उम्मीदवारों को दोनों पालियों में उपस्थित होना आवश्यक है। परीक्षा के दोनो पालियों के लिए केवल एक प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा । उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है की वें चरण-II के दोनों पालियो के लिए एकही प्रवेश पत्र साथ लाए । प्रवेशपत्र में तिथी, समय, परीक्षा/पाली का प्रश्नपत्र बार अवधि और परीक्षा केंद्र प्रवेश पत्र में दर्शाया गया है । प्रवेशपत्र  आयबीआई की वेबसाईट से डाऊनलोड किया जा सकता है ।

उम्मीदवारों को चरण-II (प्रश्नपत्र -I + प्रश्नपत्र-II + प्रश्नपत्र -III) में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर साक्षात्कार हेतु सूचीबद्ध किया जाएगा। साक्षात्कार के लिए सूचीबद्ध किए जाने के लिए न्यूनतम कुल कट-ऑफ अंक रिक्तियों की संख्या के संबंध में बोर्ड द्वारा निर्धारित किए जाएंगे। साक्षात्कार हेतु सूचीबद्ध किए गए उम्मीदवारों के रोल नंबर यथासमय भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर प्रकाशित किए जाएंगे। साक्षात्कार पत्र केवल सूचीबद्ध उम्मीदवारों की पंजीकृत ई-मेल आईडी पर ही भेजे जाएंगे।

चरण-II के सभी प्रश्नपत्र (अंग्रेजी प्रश्नपत्र को छोड़कर) हिंदी और अंग्रेजी अर्थात् द्विभाषी रूप में तैयार किए जाएंगे। उम्मीदवारों के लिए प्रश्नों को हिंदी अथवा अंग्रेजी में चुनने का विकल्प मौजूद होगा। भाषा का विकल्प परीक्षा के आरंभ में ही चुनना होगा। हालांकि, आप भाषा का विकल्प चुनने के बाद आवश्यकतानुसार दो भाषाओं के बीच स्विच/टॉगल कर सकेंगे। चरण-II (अर्थात् प्रश्नपत्र-I और प्रश्नपत्र-III) के वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नपत्रों के उत्तर माउस द्वारा सही विकल्प पर क्लिक करके और उसके उपरांत 'Save and Next' पर क्लिक करके देने होंगे।

पूर्वाह्न और अपराह्न पालियों के लिए परीक्षा की समय अवधि क्रमशः 120 मिनट और 210 मिनट होगी। तथापि, आपको परीक्षा स्थल पर क्रमशः लगभग 160 मिनट और 240 मिनट रहना होगा। इसमें उपस्थिति दर्ज कराने, फोटो आईडी प्रूफ की फोटोप्रति के साथ प्रवेश पत्र जमा करने, लॉगइन करने आदि में लगने वाला समय शामिल है।

**प्रश्नपत्र-I और प्रश्नपत्र-III: वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नपत्र:** वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नपत्रों में सभी प्रश्न बहुविकल्पी प्रकार के होंगे। प्रश्न अलग-अलग अंकों के होंगे जो प्रश्नपत्रों में दर्शाए जाएंगे। उम्मीदवार आबंटित समय 30 मिनट के भीतर किसी भी प्रश्न का उत्तर किसी भी समय दे सकते हैं। प्रश्न के लिए दिए गए पांच विकल्पों में से केवल एक ही सही उत्तर होगा। **आपको उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस उत्तर को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है। आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह हाइलाइट हो जाएगा और ('Save and Next' के उपरांत) उसे उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा। आपके द्वारा दिए गलत उत्तरों पर दंड स्वरूप अंकों में कटौती की जायेगी। आपके द्वारा दिए गए प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न विशेष हेतु निर्धारित अंकों का 1/4 अंक दंड स्वरूप काट लिया जाएगा।**

ऑनलाइन परीक्षा का स्कोर निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाला जाएगा:

(i) उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में दिए गए गलत उत्तरों पर दंड लगाने के बाद शुद्ध अंकों की गणना हेतु दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है।

(ii) प्रश्नपत्र वार स्कोर दो अंकों तक दशमलव अंक के साथ रिपोर्ट किया जाता है।

**प्रश्नपत्र I तथा प्रश्नपत्र III: वर्णनात्मक प्रकार का प्रश्नपत्र:** वर्णनात्मक प्रश्नों के मामले में, 6 प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से उम्मीदवारों को 4 प्रश्नों [2 प्रश्न, प्रति प्रश्न 15 अंकों के (कठिनाई स्तर के साथ) और 02 प्रश्न, प्रति प्रश्न 10 अंकों के] का उत्तर देना होगा। यदि कोई उम्मीदवार वर्णनात्मक में 4 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देता है तो प्रथम 4 प्रश्नों के उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा।

**अंग्रेजी (लेखन कौशल) वर्णनात्मक प्रकार का प्रश्नपत्र:** अंग्रेजी का प्रश्नपत्र इस तरीके से तैयार किया जाएगा कि उम्मीदवार की विषय की अभिव्यक्ति और समझ तथा लेखन कौशल का मूल्यांकन किया जा सके। प्रश्नपत्र में निबंध लेखन, सार लेखन और बोधन (Comprehension) आदि पर प्रश्न शामिल हो सकते हैं। उम्मीदवारों को कंप्यूटर के की-बोर्ड की सहायता से उत्तर टाइप करने होंगे।

## 2. ऑनलाइन परीक्षा के लिए परिचालन अनुदेश

### (क) प्रश्नपत्र-I और प्रश्नपत्र - III: वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक प्रकार की परीक्षा

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के अतिरिक्त सभी प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे ।

(3) उम्मीदवार को एक लॉगिन स्क्रीन दिखाई देगी। उम्मीदवार को प्रवेश पत्र पर मुद्रित लोगइन आईडी और पासवर्ड का प्रयोग करते हुए लोगइन करना हे। उम्मीदवार की प्रोफाइल (नाम, रोल नं. आदि) डिस्प्ले होगी और यदि प्रोफाइल सही हो तो उम्मीदवार 'I Confirm' बटन पर क्लिक करके पुष्टि करें। उसके बाद स्क्रीन पर अनुदेश प्रदर्शित होंगे। उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रदर्शित की गई प्रोफाइल उसी की है। यदि कोई विसंगति हो तो उसे परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्र समन्वयक/केंद्र प्रभारी/केंद्र अधिकारी की जानकारी में लाएं।

(4) सभी **वस्तुनिष्ठ** प्रश्नों के बहु विकल्प होंगे। प्रश्न के पाँच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। उम्मीदवार को सही उत्तर चुनकर उस विकल्प को 'माउस क्लिक' करना है जो उसे सही लगता है। क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, मूल्यांकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" के साथ सबमिट किया हो अथवा "Marked for Review & Next" पर क्लिक किया हो।


(5) उम्मीदवार को अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना है तथा स्क्रीन पर नीचे दिए 'चेकिंग' बॉक्स क्लिक पर करके यह दर्शाना है कि उसने अनुदेश ध्यानपूर्वक पढ़ लिए हैं । तब उसके बाद 'I am ready to begin' बटन एक्टिवेट हो जाता है।

(6) 'I am ready to begin' बटन पर क्लिक करने के पश्चात परीक्षा का वास्तविक समय प्रारम्भ हो जाएगा।

(7) एक समय पर एक ही प्रश्न दिखाई देगा ।

(8) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर परीक्षा पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा। घड़ी में समय पूरा हो जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है और उम्मीदवार को परीक्षा को समाप्त या सबमिट नहीं करना होगा।

(9) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है:




पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे उम्मीदवार ने प्रश्न को दोबारा देखने के लिए सेट किया है । *यदि उम्मीदवार ने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब अंतिम मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा।*

(10) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए उम्मीदवार को निम्नलिखित में से एक करना है:

क. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन पर दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए। नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का उम्मीदवार का उत्तर सेव नहीं होता है।

ख. मौजूदा प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए Save and Next पर क्लिक कीजिए।
ग. मौजूदा प्रश्न का उत्तर सेव करने, के लिए तथा अगले प्रश्न पर जाने के लिए 'Mark for Review & Next' पर क्लिक कीजिए।

(11) वस्तुनिष्ठ उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए।

(12) वस्तुनिष्ठ उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए।

(13) उत्तर सेव करने के लिए उम्मीदवार को Save & Next पर क्लिक करना होगा।

(14) चुना गया वस्तुनिष्ठ उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या Clear Response बटन पर क्लिक कीजिए।

(15) पुनरीक्षण के लिए प्रश्न चिन्हित करने के लिए Mark for Review & Next पर क्लिक कीजिए । यदि Marked for Review के लिए चिन्हित प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा।

(16) किसी वस्तुनिष्ठ प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद Save & Next बटन पर क्लिक कीजिए ।

(17) जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'Save' या 'Mark for Review' किए गए हैं, सिर्फ उन्हीं प्रश्नों पर मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा।

(18) प्रश्नपत्र अलग से समयबद्ध होते हैं। उम्मीदवार किसी प्रश्नपत्र में किसी भी प्रश्न का प्रयास केवल उस प्रश्नपत्र के लिए आवंटित समय के दौरान कर सकते हैं।

(19) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि केंद्र समन्वयक/केंद्र प्रभारी/केंद्र अधिकारी के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें। यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार बोर्ड द्वारा निर्णीत अवधि के लिए परीक्षाओ में बैठने से वंचित किए जाने के लिए पात्र होगा।

(20) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्र समन्वयक/केंद्र प्रभारी/केंद्र अधिकारी से अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है। परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी शंका का उत्तर नहीं दिया जाएगा।

**(21) प्रश्नपत्र-III और प्रश्नपत्र-I में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के उत्तर देने के लिए 30 मिनटों की अवधि प्रदान की गई है। 30 मिनटों के बाद, वर्णनात्मक प्रकार का प्रश्नपत्र शुरू हो जाएगा जिसके लिए 90 मिनटों की अवधि प्रदान की गई है। आप वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक प्रश्नपत्रों के बीच फेरबदल/ शफल नहीं कर सकते।**

(22) परीक्षा की कुल समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। परीक्षा का कुल समय समाप्त होने पर उम्मीदवार के उत्तर कंप्यूटर सिस्टम द्वारा स्वतः सेव कर लिए जाएंगे।

(23) उम्मीदवार को रफ कार्य करने के लिए या उत्तर देने से पूर्व प्रश्नों को पुनरीक्षण हेतु चिन्हित करने के लिए एक शीट दी जाएगी। वस्तुनिष्ठ परीक्षा पूर्ण होने के पश्चात उम्मीदवार शीट को रखे। वस्तुनिष्ठ परीक्षाएं हो जाने के बाद, रफ कार्य करने के लिए उम्मीदवार को जो शीट दी गई है उसे परीक्षा परिसर छोड़ कर जाने से पहले, केंद्र समन्वयक/स्थल प्रभारी/स्थल अधिकारी को अवश्य लौटा दें।

(24) **वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नपत्र के लिए कृपया नोट करें: -**

(क) परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "**फाइनली सबमिट**" करने नहीं दिया जाएगा ।

(ख) एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार किसी भी 'कीबोर्ड कुंजी' ('keyboard keys') पर क्लिक नहीं करेगा क्योंकि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।

(25) **वर्णनात्मक प्रश्न पत्र के लिए कृपया नोट करें :-**

(क) परीक्षा देने हेतु अलग से किसी लॉग-इन की आवश्यकता नहीं है।

(ख) वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं के स्वतः पूर्ण होने पर यह परीक्षा स्वतः शुरू हो जाएगी।

(ग) प्रश्न कंप्यूटर के मॉनिटर पर दर्शाए जाएंगे।

(घ) एक बार में केवल एक प्रश्न दर्शाया जाएगा।


(ड़) "टाइप करते समय यदि आप 'स्पेस बार' (Space bar) दबाते हैं और फिर 'एंटर कुंजी' (Enter key) दबाते हैं, तो 'कर्सर' (cursor) अगली पंक्ति में नहीं जाएगा। हालाँकि यदि आप अंतिम शब्द के तुरंत बाद 'एंटर कुंजी' (Enter key) दबाते हैं, तो 'कर्सर' (cursor) अगली पंक्ति में चला जाएगा। आपको इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि यदि स्पेस बार (Space bar) /

एंटर कुंजी (Enter key) को एक से अधिक बार दबाया जाता है, तो सिस्टम (system) उसे एक की स्ट्रोक (single keystroke) (यानी कि एक स्पेस (Space) और एक एंटर (Enter) अगली लाइन में) मानेगा।"

**प्रश्नपत्र-III और प्रश्नपत्र-I में वस्तुनिष्ठ परीक्षा के तुरंत बाद ही एक वर्णनात्मक परीक्षा आयोजित की जाएगी। अपराह्न पाली में प्रश्नपत्र-I के तुरंत बाद प्रश्नपत्र- II की परीक्षा आयोजित की जाएगी।**

**महत्वपूर्ण :**

**यद्यपि नीचे दिखाया गया पैनल वस्तुनिष्ठ परीक्षा (या और कहीं जहां उसकी आवश्यकता न हो) में भी दिया गया है, परंतु इसका उपयोग केवल वर्णनात्मक परीक्षा में ही किया जाना है।**




**कृपया निम्नलिखित अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ें :**

- भाषा चयन विकल्प के साथ यह पैनल दिखाई देगा जिसका इस्तेमाल वर्णनात्मक परीक्षा के दौरान किया जाना है। परीक्षा के दौरान किसी भी समय पैनल के **"Exit" बटन पर क्लिक न करें** ।
- हिन्दी वर्णनात्मक प्रश्न का उत्तर देने हेतु हिन्दी भाषा का और अंग्रेज़ी वर्णनात्मक प्रश्न का उत्तर देने हेतु अंग्रेज़ी भाषा का चयन करने के लिए दिए गए पैनल का इस्तेमाल करें।
- परीक्षा के दौरान किसी भी समय पैनल के **"Exit" बटन पर क्लिक न करें**।
- की-बोर्ड लेआउट केवल अंग्रेज़ी (रोमन) में उपलब्ध होगा। यदि उम्मीदवार प्रश्नपत्र-III और प्रश्नपत्र-I के वर्णनात्मक भाग का उत्तर हिंदी में देना चाहते हैं तो उम्मीदवारों को कीबोर्ड पर इनस्क्रिप्ट या रेमिंग्टन (GAIL) मैपिंग का ज्ञान होना चाहिए।
- यदि कोई उम्मीदवार प्रश्नपत्र-I वर्णनात्मक भाग का उत्तर हिंदी में देता है, तो उसे प्रश्नपत्र-II का उत्तर देने से पहले आवश्यक रुप से इस टॉगल बार पर चयन को अंग्रेजी में बदलना होगा।

**(ख) प्रश्नपत्र-II: अंग्रेज़ी (लेखन कौशल)**

परीक्षा देने हेतु किसी भी प्रकार के अलग लॉग इन की आवश्यकता नहीं है क्योंकि 120 मिनट उपरांत प्रश्नपत्र-I के ऑटोसबमिशन पर परीक्षा स्वतः ही प्रारम्भ हो जाएगी। प्रश्न अंग्रेजी में होंगे और उनके उत्तर की-बोर्ड का प्रयोग करते हुए उनके लिए दिए गए स्थान पर केवल अंग्रेजी में टाइप करने होंगे। एक समय पर केवल एक ही प्रश्न दिखाई देगा ।

**3. सभी प्रश्नपत्रों के सबमिशन के बारे में -**

(i) उम्मीदवारों को परीक्षा के पूर्ण समय की समाप्ति से पूर्व अपने उत्तरों को सबमिट करने की अनुमति नहीं होगी।
(ii) उम्मीदवार अपना उत्तर केवल सबमिट करने से पूर्व ही बदल सकता/सकती है ।
(iii) परीक्षा अवधि की समाप्ति के पश्चात, उम्मीदवार न ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और न ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उनके उत्तर स्वतः ही सेव कर लिए जाएंगे।

**4. सामान्य अनुदेश:**

(1) कृपया प्रवेश पत्र में दिए गए पंजीकरण संख्या, रोल नंबर, पासवर्ड, तारीख, समय और परीक्षा स्थल के पते को नोट करें ।

उम्मीदवार को प्रवेश पत्र जारी किया गया है इसका यह अर्थ नहीं है कि बोर्ड द्वारा उनकी उम्मीदवारी को अंततः स्वीकृति दे दी गई है अथवा परीक्षा के उनके आवेदन में उनके द्वारा भरी गई प्रविष्टियों को बोर्ड ने सत्य और सही मान लिया है। यह नोट किया जाए कि चरण-II की परीक्षा के परिणाम के आधार पर जो उम्मीदवार अर्हक होंगे, केवल उनके साक्षात्कार के समय पर बोर्ड पात्र उम्मीदवारों अर्थात आयु, शैक्षणिक योग्यता, और श्रेणी (अनुसूचित जाति/ जनजाति/ अपिव/ ईडब्ल्यूएस/

पीडब्ल्यूबीडी) आदि का मूल दस्तावेजों के संदर्भ में सत्यापन करेगा। इसलिए उम्मीदवार कृपया यह नोट करें कि यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि आप विज्ञापन में दिए गए पात्रता मानदंडों को पूर्ण नहीं करते हैं अथवा आवेदन में आपके द्वारा दी गई जानकारी गलत है तो आपकी उम्मीदवारी ऐसी किसी कार्रवाई सहित तत्काल रद्द किए जाने की भागी होगी, जिसे बोर्ड/भारतीय रिजर्व बैंक करना चाहेगा। उम्मीदवार कृपया नोट करें कि प्रवेश पत्र भारतीय रिजर्व बैंक में रोजगार का प्रस्ताव नहीं है।

(2) **परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए चरण-।। की ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले उम्मीदवार परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें। गेट बंद होने के समय के बाद रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

(3) उम्मीदवार को अपना नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर प्रवेश पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाना होगा (वही फोटो चिपकाएं जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो।)

(4) कृपया वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण मूल रूप में और उसकी एक फोटोकापी भी साथ लाएं - यह अनिवार्य है। इन दस्तावेजों के बिना आने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने नहीं दिया जायेगा। कृपया प्रवेश-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटोकॉपी समुचित रूप से स्टेपल करके केंद्र प्रभारी को सौंप दे। वर्तमान में वैध निर्धारित फोटो पहचान प्रमाण हैं- पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/फोटोग्राफ वाले वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक पत्रशीर्ष पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक पत्रशीर्ष पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान फोटो पहचान पत्र/आधार कार्ड/फोटो युक्त ई-आधार कार्ड/कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। स्टाफ उम्मीदवारों को आरबीआई द्वारा जारी पहचान पत्र लाना होगा । कृपया ध्यान दें कि प्रवेश पत्र पर लिखा गया उम्मीदवार का नाम (जैसे आपने पंजीकरण के दौरान दिया है) फोटो पहचान प्रमाण पर दिखते नाम से बिल्कुल मिलना चाहिए। महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पर विशेष ध्यान दें। प्रवेश पत्र पर और फोटो पहचान प्रमाण में दिए गए नाम में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा। उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे राजपत्रित अधिसूचना या अपना विवाह प्रमाण पत्र या शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमति दी जाएगी ।

(5) बायोमैट्रिक डेटा (अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा स्थल पर परीक्षा शुरू होने से पहले लिया जाएगा। बायोमैट्रिक डेटा सत्यापन प्राधिकारी का इस संदर्भ में (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। बायोमैट्रिक डेटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर भाग लेने से इनकार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है। बायोमैट्रिक डेटा कैप्चरिंग के संबंध में कृपया निम्नलिखित पहलुओं पर ध्यान दें

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें अच्छी तरह से धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान (बायोमैट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों। यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केंद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।
(इन बिंदुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा)

(6) फ्रिस्कींग (मेटल डिटेक्टरों का इस्तेमाल किया जाएगा) के दौरान समय बचाने के लिए उम्मीदवारों को निम्न ड्रेस कोड की सलाह दी जाती है:

- हल्के कपड़े, जिनका इस्तेमाल किसी भी यंत्र या संचार उपकरण को छिपाने के लिए नहीं किया जा सके
- आधी बांह वाले कपड़े लेकिन इनमें ऐसे बड़े बटन या ऐसा कोई भी बैज, ब्रोच आदि न लगा हो, जिनका इस्तेमाल संचार उपकरण, ब्लूटूथ, कैमरा आदि को छिपाने के लिए किया जा सके
- स्लिपर्स, सैंडल पहनें और जूते/मोजे न पहनें
- ज़िपर, बटन आदि जैसी धातु की वस्तु रहित हल्के वस्त्र पहनें

हालांकि, प्रथागत/धार्मिक परिधान पहनकर आने वाले और पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को उचित तलाशी के लिए रिपोर्टिंग समय से पूर्व केंद्र पर रिपोर्ट करना चाहिए।

(7) उम्मीदवारों को परीक्षा स्थल पर केंद्र समन्वयक/स्थल प्रभारी/स्थल अधिकारी के निर्देशों का निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का उल्लंघन करता है, तो इसे कदाचार/ अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और ऐसे उम्मीदवार को आरबीआईएसबी द्वारा निर्धारित अवधि के लिए परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया जाएगा।

(8) परीक्षा के दौरान किसी कैलकुलेटर (अलग या घड़ी के साथ), पुस्तक, नोट बुक, लिखित नोट्स, पेजर, सेल फोन (कैमरे की सुविधा सहित या रहित) अथवा इसी तरह के किसी भी इलेक्ट्रॉनिक संचार उपकरण आदि के प्रयोग की अनुमति नहीं होगी। उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे पेजर सहित कोई भी प्रतिबंधित वस्तु परीक्षा स्थल पर न लाएं क्योंकि उनके सुरक्षा इंतजाम का आश्वासन नहीं दिया जा सकता है। जो उम्मीदवार परीक्षा के दौरान किसी दूसरे उम्मीदवार को / से सहायता देने / लेने सहित किसी अनुचित साधन या किसी कदाचार का सहारा लेते हुए पाया गया, उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना चाहिए कि दूसरा कोई उम्मीदवार उनके उत्तरों की नकल न कर सके।

(9) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा। यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए पाये गए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे, बोर्ड ऐसे उम्मीदवारों के खिलाफ मौजूदा कानून के प्रावधानों के तहत यथोचित कार्रवाई कर सकता है।

(10) उम्मीदवार को अपने साथ एक बॉलपॉइंट पेन (नीला/काला) लाना चाहिए। परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ कार्य करने के लिए आपको कागज का एक पृष्ठ दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आप कागज का यह पृष्ठ केंद्र प्रभारी/निरीक्षक को सौंप दें।

(11) जो उम्मीदवार छल रूप धारण करने अथवा ऐसे जाली दस्तावेज प्रस्तुत करने जिनके साथ छेड़छाड़ की गई हो अथवा ऐसे बयान देने जो गलत या झूठे हों अथवा किसी महत्वपूर्ण जानकारी को छुपाने अथवा अन्यथा परीक्षा में प्रवेश पाने हेतु किसी अन्य अनियमित या अनुचित माध्यम का प्रयोग करने अथवा परीक्षा हॉल में अनुचित साधनों का प्रयोग करने अथवा प्रयोग करने का प्रयास करने अथवा परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करने का दोषी है या जिसे बोर्ड द्वारा दोषी घोषित किया गया है, उसे स्थायी रूप से अथवा निर्दिष्ट अवधि के लिए परीक्षा से वंचित किया जा सकता है -

- (i) बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों के चयन हेतु बोर्ड द्वारा ली गई किसी भी परीक्षा में प्रवेश अथवा साक्षात्कार में उपस्थिति से, और
- (ii) बैंक द्वारा उसके अधीन रोजगार से, और
- (iii) यदि वह पहले से ही बैंक की सेवा में है, तो उचित नियमों के अंतर्गत अनुशासनिक कार्रवाई का भागी होगा ।

**(12) बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए टिप्पणी:**

- (1) परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए बीस (20) मिनट के **अतिरिक्त / क्षतिपूरक समय** की केवल उन्हीं दिव्यांगजनों को अनुमति दी जाएगी जिन्हें गति सहित लिखने/टाइप करने में शारीरिक रूप से असुविधा हो और जो एक स्क्राइब की सुविधा का उपयोग करते हों। हालांकि परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए बीस (20) मिनट का अतिरिक्त/ क्षतिपूरक समय सभी दृष्टिबाधित उम्मीदवारों को प्रदान किया जाएगा, भले ही वे स्क्राइब या स्व लेखन का विकल्प चुनते हों या मैग्नीफायर जैसे सहायक उपकरणों की सहायता लेते हों।
- (2) पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार, जो स्क्राइब की सुविधा लेना चाहते हैं, वे उनके लिए दिए गए अनुदेशों को डाउनलोड कर लें और ध्यान से पढ़ लें, जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) से डाउनलोड किया जा सकता है।
- (3) स्क्राइब का उपयोग करने वाले उम्मीदवारों को एक संयुक्त वचनपत्र /घोषणा पत्र भी प्रस्तुत करना होगा, जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) से डाउनलोड किया जा सकता है।
- (4) सभी दृष्टिबाधित उम्मीदवारों को ऑन स्क्रीन मैग्निफायर की सुविधा का प्रयोग करने की अनुमति दी जाएगी।

(13) विनिर्दिष्ट दिव्यांगजन RPwD अधिनियम, 2016 की धारा 2(s) की परिभाषा के तहत शामिल हैं, लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2(r) की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आते हैं, अर्थात 40% से कम दिव्यांगता वाले उम्मीदवार जिन्हें लिखने में कठिनाई वाले व्यक्तियों के लिए नोट:

- (i) परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए बीस (20) मिनट के प्रतिपूरक समय की अनुमति उन उम्मीदवारों को दी जा सकती है, जो RPwD अधिनियम, 2016 की धारा 2 (s) की परिभाषा के तहत विनिर्दिष्ट दिव्यांग हैं, लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2(r) की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आते हैं, अर्थात ऐसे व्यक्ति जिनकी दिव्यांगता 40% से कम हो और जिन्हें लिखने में कठिनाई हो और जो लेखन सहायक (स्क्राइब) की सुविधा पाने के पात्र हों।
- (ii) ऐसे उम्मीदवार जो स्क्राइब की सुविधा का उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें उनके लिए दिए गए निर्देशों को डाउनलोड कर ध्यान से पढ़ना होगा, जिसे आरबीआई की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

(iii) इन उम्मीदवारों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर दिए गए प्रपत्र के अनुसार '40 प्रतिशत से कम दिव्यांगता वाले और लिखने में कठिनाई वाले विनिर्दिष्ट दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों के लिए अनुदेश' के साथ अनुबंध-II में दिए गए प्रपत्र के अनुसार स्क्राइब से संबंधित विवरण प्रस्तुत करें।

(14) परीक्षा की व्यवस्था में कुछ समस्या आने की संभावना को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता जिससे परीक्षा की डिलिवरी तथा/अथवा परिणाम आने पर प्रभाव पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा जिसमें उम्मीदवारों का स्थानांतरण, परीक्षा में विलंब होना शामिल हैं। परीक्षा का पुनः आयोजन पूर्णतः परीक्षा संचालित करने वाले निकाय के विवेकाधिकार पर निर्भर है। उम्मीदवारों का पुनः परीक्षा के लिए कोई दावा नहीं होगा। जो उम्मीदवार स्थानांतरण अथवा विलंब से होने वाली परीक्षा में उपस्थित होना स्वीकार नहीं करेंगे उन्हें प्रक्रिया से सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

(15) यदि कोई व्यक्ति किसी भी रूप में परीक्षा की विषयवस्तु या उसमें दी गई किसी भी जानकारी को पूर्णतः या आंशिक रूप से या मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रॉनिक या यांत्रिक किसी भी माध्यम से प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, संचारित करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज में सहायता करता हुआ पाया जाता है या परीक्षा हॉल में दिए गए कागज-पत्र को ले जाता हुआ या परीक्षा की विषयवस्तु को अनधिकृत रूप से अपने पास रखता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध अभियोग चलाया जा सकता है।

(16) भा.रि.बैं. स्टाफ उम्मीदवारों के अतिरिक्त सभी उम्मीदवारों को यात्रा एवं अन्य खर्च स्वयं वहन करना होगा । भा.रि.बैं. स्टाफ उम्मीदवार इस संबंध में अपने-अपने कार्यालयों से संपर्क करें । बोर्ड उम्मीदवारों के भोजन/निवास की व्यवस्था नहीं करेगा ।

(17) रफ शीट, प्रवेश पत्र और फोटो पहचान प्रमाणपत्र प्रबंधन:

क. यदि आवश्यक हो तो, प्रत्येक उम्मीदवार की डेस्क पर रखी रफ शीट का प्रयोग उम्मीदवार द्वारा किया जा सकता है।

ख. वे उम्मीदवार जो स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठाते हैं, उन्हें प्रवेश पत्र और फोटो पहचान प्रमाणपत्र की कॉपी के साथ स्क्राइब फॉर्म / वचनपत्र प्रस्तुत करना होगा।

ग. उम्मीदवार को परीक्षा स्थल छोड़ने से पहले फोटो पहचान प्रमाणपत्र की फोटोकॉपी के साथ रफ शीट, प्रवेश पत्र निरीक्षक (Invigilator) को सौंपना होगा।

(18) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे “The Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Act, 2024” और “The Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Rules, 2024” पर ध्यान दें।